
बी ई एम एल

Press Release

# <u>आईआरईई-2017 में बीईएमएल दिखाया अपने प्रौद्योगिकी कौशल का प्रदर्शन</u>

बीईएमएल लिमटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन एक सार्वजनिक उपक्रम है और रेल उत्पादों के अग्रणी निर्माता है, ने प्रगति मैदान, नई दिल्ली में सम्पन्न अंतराष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी-2017 (आईआरईई - 2017) में भाग लिया है।

बीईएमएल भारत में प्रथम रेल कोच विनिर्माण कंपनी है। भारतीय रेल के लिए कंपनी द्वारा निर्मित रेल उत्पादों में ओवर हेड इन्सपैक्शन कार, पोस्टल वेन्स, एसी/डीसी इलेक्ट्रिक मल्टिपल यूनिट्स, स्टेनलेस स्टील ईएमयू, यूटिलिटी वाहन, ट्रैक लेइंग उपकरण, बोर्ड गैज रेल बस, ट्रशरी वैन, स्पाइल डिस्पोसल यूनिट आदि शामिल हैं।




श्री अनिरुद्ध कुमार, निदेशक (रेल एवं मेट्रो) द्वारा बीईएमएल स्टाल आईआरईई-2017 का उद्घाटन

बीईएमएल ही नवोन्मेष मेट्रो कारों के विनिर्माण करनेवाली एक मात्र भारतीय कंपनी है, जो वैश्विक खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए मेट्रो कार्यक्षेत्र में लगभग 50% से अधिक बाज़ार शेयर रखती है और यह बेंगलूर और जयपुर मेट्रो कार्पोरेशन्स  के लिए एकल आपूर्तिकर्ता है। बीईएमएल ने  कोलकाता मेट्रो को मेट्रो कार्स, बेंगलूर मेट्रो के लिए  इंटर्मीडियट कार्स और भारतीय रेल के लिए ईएमयू की आपूर्ति के लिए आदेश प्राप्त कर लिया है।



आईआरईई-2017 में बीईएमएल स्टाल का दृश्य

श्री अनिरुद्ध कुमार, निदेशक (रेल एवं मेट्रो) द्वारा बीईएमएल स्टाल का उद्घाटन किया गया। बेमल ने प्रदर्शनी स्थल पर स्टॉल सं.ए13- हाल सं.7 एबीसी में ब्रोमीडिस एवं सूक्ष्म आकार के चित्रों द्वारा विभिन्न रेल एवं मेट्रो उत्पादों का प्रदर्शन किया है।

रेल्वे क्षेत्र के लिए आईआरईई-  अंतर्राष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी  2017  भारत में एक प्रसिद्ध अंतराष्ट्रीय कार्यक्रम है।  प्रगति मैदान, नई दिल्ली  में  11-13 अक्तूबर 2017 के दौरान आईआरईई- अंतर्राष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी 2017 का किया जा रहा है।

**बेंगलूर** **बीईएमएल लिमिटेड द्वारा रिलीस**
**12 अक्तूबर 2017**